Great Achievement

आज का दिन नेशनल एजुकेशनल सोसाइटी के इतिहास में तथा उसके द्वारा संचालित महात्मा गांधी पीजी कॉलेज के लिए एक खास दिन बन गया जब स्वयं हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने महात्मा गांधी पीजी कॉलेज गोरखपुर में अध्यनरत अधिकतम संख्या की छात्राओं के लिए "महिला छात्रावास" के निर्माण हेतु एक करोड रुपए के अनुदान राशि का चेक आज प्रातः 10:00 बजे नेशनल एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव के रूप में मुझे एवं महात्मा गांधी पीजी कॉलेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष एवं नेशनल एजुकेशनल सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य माननीय हरिनंदन श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता सिविल कोर्ट की उपस्थिति में दिया यह माननीय मुख्यमंत्री जी के नारी शक्ति के शिक्षा के विकास में योगदान हेतु महिला छात्रावास के निर्माण हेतु दिया गया है यह महात्मा गांधी पीजी कॉलेज एवं नेशनल एजुकेशन सोसाइटी के लिए बड़े गर्व की बात है की प्रदेश के मुखिया और शिक्षा जगत के अभिभावक माननीय मुख्यमंत्री जी ने हमारे महाविद्यालय का चयन किया तथा यह महसूस किया कि इस महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को आवास की सुविधा हेतु महिला छात्रावास आवश्यक है

या उनके दूरदृष्टि एवं सम्यक न्याय का उदाहरण है निश्चित रूप से हमारी सोसाइटी माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रति अपना सादर आभार प्रकट करती है तथा उन्हें विश्वास दिलाती है कि हम नारी शक्ति के शिक्षा के विकास हेतु लगातार प्रयत्नशील रहेंगे तथा माननीय मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार के इस अनुदान का पारदर्शी तरीके से निर्माण में उपयोग करेंगे, अभी-अभी नेशनल एजुकेशनल सोसाइटी ने अपने स्रोत से 40 कमरों का राम गरीब लाल छात्रावास का निर्माण चार मंजिल में पूरा किया है जिसमें लगभग 120 छात्रों को सनातन संस्कार युक्त वातावरण में आवास की सुविधा प्रारंभ होगी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए इस सहयोग से हम लड़कियों के लिए भी इतनी ही क्षमता का धीरे-धीरे महिला छात्रावास पूरा करेंगे माननीय मुख्यमंत्री जी ने निर्माण प्रारंभ करने को कहा है तथा यह आश्वासन भी दिया है कि आगे भी महिला छात्रावास हेतु सरकारी अनुदान CSR के रूप में उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा ,

नेशनल एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद एडवोकेट, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर सुरेंद्र दुबे जी महात्मा गांधी पीजी कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री गंगा दयाल श्रीवास्तव जी राम नारायण लाल कन्या इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री राम कुमार जी एवं विद्यालय की प्रबंधक पूर्वी नारायण जी एवं तीनों विद्यालयों के प्रबंध समिति से जुड़े सभी सदस्यों ने एवं समिति के सदस्यों ने माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रति इस सहयोग हेतु विशेष आभार प्रस्तुत किया है तीनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य गण एवं सभी शिक्षक ने भी माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रति अपना आभार प्रकट किया है विशेष रूप से महात्मा गांधी पीजी कॉलेज की सभी छात्राओं ने मनाने मुख्यमंत्री जी के इस सद्भाव एवं अनुदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा है कि इससे हम सभी को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी महाविद्यालय परिसर में ही महिला छात्रावास रहने के कारण हम लोगों को ज्यादा समय परिसर में बिताने को मिलेगा तथा हम सभी सुरक्षित तरीके से आवास की सुविधा प्राप्त करेंगे नेशनल एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव एवं महात्मा गांधी इंटर कॉलेज एवं महात्मा गांधी पीजी कॉलेज के प्रबंधक मनकेश्वर नाथ पांडे जी ने माननीय मुख्यमंत्री जी के इस सहयोग हेतु अपनी कृतज्ञता प्रकट की है तथा इस महिला छात्रावास के निर्माण को शीघ्र ही प्रारंभ करने की घोषणा की है या निर्माण दीपावली बाद प्रारंभ हो जाएगा